एक नजर में

भगवान झूलेलाल जी का चालिहा उत्सव आज होगा आरंभ

बुरहानपुर । प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सिंधी नवजवान सेवा मंडल द्वारा सिंधी कॉलोनी स्थित श्री झूलेलाल जल मंदिर में भगवान झूलेलाल जी का चालीस दिनी चालिहा उत्सव आज से शुरू होगा। बुधवार प्रात: 8 बजे विद्वतजन द्वारा श्री गणेश स्थापना, कलश पूजन, नवग्रह स्थापना, अखंड ज्योत प्रज्ज्वलन किया जायेगा। उत्सव में 40 दिनों तक प्रतिदिन प्रात: 9 बजे एवं रात्रि 9रू30 बजे नियमित आरतीए,भजन गायन एवं पल्लव;प्रार्थनाद्ध होगा। चालिहा साहेब में गणेश चतुर्थीए रक्षाबंधनए चंद्रदर्शन एवं छप्पन भोग सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगेए साथ ही 40दिनी उत्सव में गुजरात, छत्तीसगढ़ सहित देशभर के संतो का भी बुरहानपुर आगमन होगा। समाज के बलराज नावानीए सुरेश आडवानी, राजलदास सुखेजा, दिलीप बलवानी, हरीश चंचलानीए अमर लालवानीए अमर जग्यासी ने सभी धर्मप्रेमियों एवं समाजजन को उत्सव में शामिल होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।

भाजपा नेता विजय राठौर के पिता का निधन

बुरहानपुर। मंगलवार को भाजपा नेता विजय राठौर के पिताजी रमेशचंद ओमकारदास राठौर इनका स्वर्गवास सुबह 8.30 बजे हो गया है ,जिनकी अंतिम यात्रा निवास डाकवाडी से दोपहर 3. 00 बजे निकाली जाकर सतियारा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। शवयात्रा में भारी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता,पकरजनों सहित गण्मान्यों ने शामील होकर शोक श्रद्वॉजली अर्पित की।

एसडीएम ने किया पेट्रोल पंप का आकस्मिक निरीक्षण

नेपानगर। अंबाड़ा रोड स्थित एक पेट्रोल पंप का मंगलवार दोपहर नेपानगर एसडीएम भागीरथ वाखला ने निरीक्षण किया। इस दौरान यहां पीने के पानी की व्यवस्थाए साफसफाई को लेकर एसडीएम ने नाराजी जताते हुए संचालक से इन समस्याओं को जल्द दूर करने को कहा। दरअसल कुछ दिन पहले रतलाम में सीएम के काफ्लि के वाहनों में पानी मिला डीजल भरे जाने का मामला सामने आया था। इसके बाद कलेक्टर हर्ष सिंह ने अफ्सरों को पेट्रोल पंपों की जांच के लिए कहा था। मंगलवार को एसडीएम ने अंबाड़ा रोड स्थित पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया। एसडीएम ने जांच में पाया कि पेट्रोल पंप के शौचालय साफनहीं है। पीने के पानी की व्यवस्था ठीक नहीं मिली। आग बुझाने के लिए रखे गए फायर सेफ्टी उपकरणों पर उनकी एक्सपायरी डेट नहीं लिखी थी। साथ ही रेत से भरी बाल्टियां टूटी हुई थी। कुछ में रेत नहीं थी। एसडीएम ने बताया इसकी रिपोर्ट बनाकर कलेक्टर को भेजी जाएगी।

नेपा मील हॉस्पिटल,नेपानगर में नि:शुल्क हृदय रोग शिविर

बुरहानपुर। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा 14 जुलाई 2025 सोमवार को ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुरए द्वारा नेपा मील हॉस्पिटल,नेपानगर में नि:शुल्क हृदय रोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 55 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ.लोकेंद्र सिंह ठाकुर ;डी एम कार्डियोलॉजी द्ध के द्वारा हृदय रोग संबंधित समस्याओं का परामर्श दिया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी। सभी मरीजों का निरूशुल्क जनरल चेकअपए ब्लड प्रेशर एवं इ सी जी जाँच की गई। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक श्री कबीर चौकसे जी के दिशा निर्देशन में एवं ऑल इज वेल हॉस्पिटल स्टाफके सहयोग से नेपा मील हॉस्पिटल नेपानगर में स्वास्थ्य शिविर का सफ्ल आयोजन किया गया।

आर्मी व पुलिस भर्ती के बारे में दी जानकारी

बुरहानपुर। शिकारपुरा छात्रावास मे आज बच्चों को आर्मी व पुलिस मे भर्ती के बारे जानकारी दी। आर्मी से 10 दिन की छुट्टी पे आये नरेन्द्र प्रजापति जो कमांडो ट्रेनिंग लेके आये व गोल्ड जीते है एवं फिजिकल के ट्रेनल है ऐसे हमारे ब्रह्मपुर के गौरव नरेन्द्र सर द्वारा जानकारी दी गई। आपके साथ अजित परदेशी द्वारा भी आदिवासी छात्रावास के बच्चो को भारतीय शस्त्र चलाने जैसे लाठी व अन्य नि:शुल्क सिखाने की बात कही । साथ मे म.प्र.के पर्यटक इंजिनियर नीलेश सेंगले सर ने भी बच्चों को 12वी के बाद जीवन मे सफ्लता कैसे मिले इसके बारे मे बतया ।

मन का शांत रहना भाग्य है, मन का वश में रहना, सौभाग्य है ,मन से किसी को याद करना, अहोभाग्य है . श्री मुखिया जी

बुरहानपुर। आज श्री गोकुल चंद्र मांजी मंदिर में श्रावण मास के प्रथम झूला दर्शन पर भागवत भूषण श्री हरि कृष्णा भाई मुखिया जी ने बताया मतभेद होना चाहिए मनभेद नहीं होना चाहिए । मन का शांत रहना भाग्य है, मन का वश में रहना, सौभाग्य है ,मन से किसी को याद करना, अहोभाग्य है और मन से कोई आपको याद करे , तो परम सौभाग्य है! हमें एक दूसरों को प्रतिदिन मिलकर अपनी यादें अपने विचार आदान.प्रदान करना चाहिए आज से मंदिर में प्रतिदिन 11 अगस्त तक प्रभु के नए.नए हिंडौले मनोरथ होंगे जिस दिन जिस कलर के प्रभु झूला मनोरथ होगा उसी कलर की सभी भाई एवं बहनें अपने.अपनेवेश भूसा मे पधारे,मतभेद और मनभेद के अंतर का एक सुंदर सा उदाहरण अपने सभी के सामने प्रस्तुत किया । पवित्र श्रावण मास में शिवार्चन करते.करते एक सूत्र और सीखने योग्य है। भगवान महादेव की गृहस्थी के दर्शन करते हुए विचार करें कि कितने विरोधाभासी लोग भी बड़ी शांति से इस परिवार में रहते हैं ।सबकी प्रकृति अलग.अलग है फिर भी सब शांति से रहते हैं। माँ पार्वती का वाहन शेर है और शिवजी का नंदी है। वृषभ शेर का भोजन हैए लेकिन यहाँ कोई वैर नहीं है। कार्तिकेय जी का वाहन मोर है और शिवजी के गले में सर्पों की माला है। मोर और सर्प भी जन्म जात शत्रु हैंए लेकिन यहाँ ये प्रेम पूर्वक एक साथ ही रहते हैं। गणेश जी का वाहन चूहा है और चूहा भी सर्प का भोजन है। इस परिवार में सब शांति, सद्भाव और निर्वैर जीवन जीते हैं। वैचारिक भिन्नता के कारण सम्भव है आपकी घर में किसी से न बने। घर में मतभेद हो जाएं कोई बात नहींए मनभेद नहीं होना चाहिए। सबसे प्रेमपूर्ण व्यवहार करना सीखेंए हमारा घर भी शिवालयएवम नंदा लय बन सकता है।

कांग्रेस का बुरहानपुर बंद : सुबह व्यापार रहे बंद तो 2 बजे पूरी तरह खुल गई दुकानें

कांग्रेस नेताओं ने बंद की सफलता पर माना आभार। * बुधवार को शाहपुर शहर रहेगा बंद।

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। 15 जुलाई 2025 को स्मार्ट मीटर एवं शहर की विभिन्न जनसमस्याओं के विरोध में बुरहानपुर बंद सुबह से दोपहर 2 बजे तक रखा गया ।एक दिवस पुर्व कॉग्रेस नेताओं ने शहर में संपर्क कर स्वविवेक से बंद रखने का अनुरोध किया था। जिसके परिणाम स्वरूप मंगलवार को 2 बजे तक शहर पूरी तरह बंद रहा।पश्चात दुकाने खुल गई ।

बुरहानपुर में कांग्रेस पार्टी और पार्षद दल के बंद का मंगलवार को मिला.जुला असर रहा। स्मार्ट मीटर से बढ़े बिजली बिल, खराब सड़कें, दूषित पेयजल और हाथ ठेला दुकानदारों पर कार्रवाई के विरोध में बंद किया गया। सुबह साढ़े 9 बजे शहर अध्यक्ष रिंकू टाक,कांग्रेस नेता अजय सिंह रघुवंशी, निगमाध्यक्ष अमर यादव,पूर्व विधायक रविंद्र महाजन,नूर काजी,हेमंत पाटील, आदि सब्जी मंडी पहुंचे। यहां आधी से ज्यादा दुकानें खुली थीं। नेताओं ने गुलाब देकर दुकानें बंद करने को कहा। कुछ दुकानदारों ने दुकानें बंद कर दीं। सुबह 8 से 9 बजे तक खुलने वाली दुकानें 11 बजे तक बंद रहीं। सब्जी मंडी में कांग्रेस नेताओं ने दुकानदारों को गुलाब देकर दुकान बंद करने की अपील की। सब्जी मंडी में कांग्रेस नेताओं ने दुकानदारों को गुलाब देकर दुकान बंद करने की अपील की। नेता फिर गांधी चौक,इकबाल चौक और फव्वारा चौक पहुंचे। खुली दुकानों को गुलाब देकर बंद करने को कहा। बाद में उपनगर लालबाग गए। सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात रही।

पूर्व प्रदेश महासचिव रघुवंशी ने कहा कि स्मार्ट मीटर से परेशानी है। गंदा पानी मिल रहा है। सड़कें खराब हैं। हाथ ठेला वालों को परेशान किया जा रहा है। जनता की लड़ाई है, इसलिए गुलाब देकर अपील की। आगे भी आंदोलन होगा। शहर अध्यक्ष टाक ने कहा. स्मार्ट मीटर से बिल ज्यादा आ रहे हैं। सड़कें और पानी की समस्या है। बंद सफ्ल रहा।

बुधवार को शाहपुर रहेगा बंद:- बिजली के स्मार्ट मिटर, पेयजल समस्या, बडती महंगाई जैसे मुददो को लेकर कॉग्रेस द्वारा मंगलवार के बुरहानपुर बंद के पश्चात बुधवार को शाहपुर बंद का अनुरोध किया है।

वन विभाग ने 5 हेक्टेयर वन भूमि कराई अतिक्रमणमुक्त,खंतियां खुदवाई

हैदरपुर के कक्ष क्रमांक 271 में किया गया था नया अतिक्रमण

नवभारत न्यूज,

नेपानगर। वनकर्मियों, एसएएफ और सुरक्षा श्रमिकों के साथ पहुंची टीम ने मंगलवार को नावरा रेंज की हैदरपुर बीट के कक्ष क्रमांक 271 से 5 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण कारियों से मुक्त कराया। खास बात यह है कि कार्रवाई के दौरान कुछ लोग यहां जमा भी हो गए और विरोध करने लगेए लेकिन वन विभाग की टीम ने उन्हें समझाईश दी कि यह नया अतिक्रमण है। कुछ देर के विरोध के बाद लोग वहां से वापस लौट गए।

दरअसल सुबह करीब 9 बजे से ही वन विभाग की टीम एसएएफबल और सुरक्षा श्रमिकों को लेकर नावरा रेंज के जंगल में पहुंच गई थी। टीम ने हैदरपुर के कक्ष क्रमांक 271 में कार्रवाई की। यहां नया अतिक्रमण किया गया था। टीम कार्रवाई कर ही रही थी कि तभी काफी संख्या में लोग यहां पहुंच गएए हालांकि कुछ देर बाद लोग वहां से लौट गए।

जेसीबी से खुदवाई खंतीए अब बीजारोपण की तैयारी:-नावरा रेंजर पुष्पेंद्र जादौन ने बताया मंगलवार सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक 50 से अधिक वनकर्मियों की टीम ने कार्रवाई कर वन भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया। मौके पर जेसीबी के माध्यम से खंतियां खुदवा दी गई। अब यहां बीजारोपण कराया जाएगा। इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

और इधर

वन विभाग की टीम ने 3 आरोपियों को जंगली सूअरों के साथ किया गिरफ्तार:-वन विभाग की टीम ने रविवार रात सुरक्षा गश्ती के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई की। इस दौरान हैदरपुर डेम से लगे वन क्षेत्र के पास से 03 लोगों को 02 मृत जंगली सुअर के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी सूरसिंग पिता नानसिंग निवासी हैदरपुर डेमए रूपेश पिता लालसिंग 20 निवासी नवाड़ ढ़ाणा बाकड़ीए बलीराम पिता शोभाराम निवासी तालाब ढ़ाणा बाकड़ी को पकड़ा गया। आरोपियों के खिलाफवन्यप्राणी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर मंगलवार को न्यायालय में पेश कर खंडवा जेल भेजा गया।

मॉ ईच्छादेवी को 1 लाख के पाईप का किया दान

नवभारत न्यूज,

ईच्छापूर। ग्राम इच्छापूर के निवासी किशोर निबाढकर डिप्टी जनरल मेनेजर सुप्रीम पाईप जलगांव एवं दिनेश चौधरी उपाध्यक्ष ईच्छादेवी ट्रस्ट का सयुक्त जन्मदिवस माँ इच्छा देवी परिसर में मनाया गया । इस अवसर पर निबाढकर परिवार की तरफ से तीन हजार चार सौ फिट के पाईप देने की घोषणा अपने जन्म दिवस पर की। इसकी किमत लगभग एक लाख रुपये होती है। इस दौरान मॉ ईच्छादेवी का छायाचित्र देकर उनका पुष्प हार से स्वागत किया। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष भागवतराव महाजन,उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह चौहान, वरिष्ट ट्रस्ट भागवतराव चौहान ,संजय पवार ,विजय सपकाले, लक्ष्मण पवार, रामभाऊ यावलकर, डॉ.गणेश पाटील , सुभाष चौहान,अप्पा माली सहित अनेक ग्राम के गणमान्य नागरीक उपस्थित थे।

कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह की अध्यक्षता में समय.सीमा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभागवार सीएम हेल्पलाईन,पीएम आवास, स्वरोजगार योजना,आयुष्मान कार्ड, ई.केवायसी,धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान,पौधारोपण, पीएम विश्वकर्मा योजना,राजस्व वसूली,जन.जल योजना,न्यायालय प्रकरण,जुर्माना वारंट वसूली,राशन वितरण,ई.ऑफिस सहित अन्य प्रकरणों की समीक्षा कर उनके शीघ्र निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया।

कलेक्टर श्री सिंह ने पशु पालन विभाग,कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, खनिज विभाग,आबकारी विभाग सहित अन्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा करते हुए निदेशित किया कि प्रति सप्ताह की प्रगति से अवगत करायेंगे। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देशित करते हुए कहा किए सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए अन्यथा संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। वही पीडब्ल्यूडी विभाग को सड़कों का मरम्मत कार्य करने के निर्देश दिये गये। समय.सीमा की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर ने संबंधितों को निर्देशित करते हुए कहा किए वाहनों एवं पेट्रोल पंपों की जांच की जायें तथा जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया किए स्कूल वाहनों की जानकारी हर माह उपलब्ध करायी जाये।इसी श्रृंखला में पुस्तक वितरणए अतिक्रमणए वन पट्टे का निराकरण करने सहित अन्य निर्देश दिये गये। बैठक में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत निर्धारित तिथिवार शिविर आयोजित किए जायेगें।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के लिए सुरक्षा कवच है

अनियमित मौसम से किसानों को राहत प्रदान करेगा फसल बीमा 31 जुलाई तक जमा कराना होगा फसल बीमा प्रीमियम।

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विभाग एमएएसण्देवके ने जानकारी देते हुए बताया किए खरीफ फसलों में सोयाबीनए कपासए मक्काए तुअर का बीमा कराया जा सकता है। तहसील स्तर पर कपास फसल तथा पटवारी हल्का स्तर पर सोयाबीन के 148ए तुअर के 52 एवं मक्का फसल के लिए 168 पटवारी हल्का अधिसूचना में हैए खरीफकी समस्त फसलों के लिए 2 प्रतिशत तथा कपास फसल के लिए 5 प्रतिशत प्रीमियम जमा कराना होगाए अधिसूचित पटवारी हल्का के असिूचित फसल के लिये कोई भी किसान चाहे वह ऋणी हो या अऋणी तथा डिफाल्टर किसान भी अपने बैंक खाता में प्रीमियम जमा करने के साथ बुआई प्रमाण पत्र भरकर जमा करें। अऋणी किसानों लिये फसल बुवाई प्रमाण पत्र पर स्वअघोषित प्रमाणित कर नजदीकी बैंक शाखा एवं लोकसेवा केन्द्रों के माध्यम से प्रीमियम राशि जमा करा सकते हैए अंतिम तिथि 31 जुलाईए 2025 से पूर्व फसलों की प्रीमियम राशि जमा कराना होगी।

खड़ी फसल से लेकर कटाई तक गैरबाधित जोखिम जैसे. सूखा, लंबी अवधि का सूखा ,कीट व रोग, बाढ, जलभराव, प्राकृतिक अग्नि दुर्घटना, आकाषीय बिजली,तुफान, ओलावृष्टि,चक्रवात के कारण फसल को होने वाले नुकसान की सूरक्षा के लिये वृहद जोखिम बीमा दिया जाता है। फसल कटाई के उपरांत होने वाले नूकसान जैसे. फसल कटने के दो सप्ताह की अवधि में ओलावृष्टिए चक्रवाती वर्षा एवं गैर मौसमी वर्षा के मामले में दिया जाता है। किसान भाईयों से आग्रह है कि फसल की सुरक्षा के लिये 31 जुलाई 2025 तक फसल बीमा अवश्य करायें।

भक्तामर स्तोत्र पाठ का आयोजन किया

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। अ.भा.दि.जैन महिला परिषद् अंजना संभाग द्वारा अंजली जैन पाटनी की अध्यक्षता में परिषद् की सदस्या ज्योति राजेन्द्र जैन लुहाड़िया के निवास पर सामूहिक भक्तामर स्तोत्र पाठ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मंजू निर्मल पहाड़िया,शोभा राजेश जैन,शोभा गंगवाल कोषाध्यक्ष,उषा रत्नाकर सोनेवाल,कुमुद पाटनी,राखी सेठी,सरोज ठोलिया, सुनीता बड़जात्या,मधु गोधा, सुनीता निर्मल पाटनी,सुनीता सुरेन्द्र पाटनी, ज्योति लुहाड़िया, विमला जैन,सोनाली लुहाड़िया आदि सदस्यों ने आचार्य श्री मानतुंग स्वामी विरचित भक्तामर स्तोत्र का पाठ किया। यह जानकारी सचिव. श्रीमती इन्द्रा सुरेन्द्र भारती ने दी।

निगम आयुक्त ने टीएल की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। आज नगर निगम के एम आई सी हॉल में नगर निगम आयुक्त श्री संदीप श्रीवास्तव ने निगम के सभी विभागीय अधिकारियो की समीक्षा बैठक ली। बैठक में आयुक्त श्री श्रीवस्तव ने कहा आगामी सी एम हेल्पलाइन की शिकायत समय सीमा में संतुष्टि पुर्ण निराकरण करे।

शहरी क्षेत्रों में निर्माणाधीन संजीवनी क्लीनिक की जानकारी ली और जल्द से जल्दी कार्य पुर्ण करने के निर्देश दिएए सी एम हेल्पलाइन को लेकर आयुक्त सख्त दिखे सभी का जल्दी निराकरण करे, आयुक्त श्री संदीप श्रीवास्तव ने बैठक में बताया कि शहर में पेंडिंग पड़े निर्माण कार्य को लेकर जल्दी से जल्द करने के निर्देश दिए। टीएल सहित जनसुनवाईए

समाधान ऑनलाइन और सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि अधिकारी फील्ड विजिट कर तत्परतापूर्वक प्रकरण निराकृत करें।

निगम आयुक्त ने डोर टू डोर कचरा वाहन प्रभारी को कहा कि सभी वार्डो में समय पर वाहन जाना चाहिए उप स्वास्थ अधिकारी गणेश पाटिल को निर्देश दिए आप स्वच्छता सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। स्वच्छता सर्वेक्षण के अन्तर्गत वार्डो मे किये जा रहे सफाई कार्य की समीक्षा की तथा सफाई कार्यो मे ओर अधिक कसावट लाने के निर्देश सेक्टर प्रभारियोएवार्ड प्रभारियोएदरोगाओ व उनके सहायको को दिये गये। बैठक मे आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण वार्डो मे नालियो की प्रतिदिन सफाई हो अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए सभी अधिकारियो को प्रकरणों का निराकरण नहीं करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

आयुक्त श्री संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण करे कोई भी लंबित प्रकरण पेंडिंग नही होना चाहिए , योजना का जिन लोगों ने लाभ लिया है तथा मकान निर्माण नहीं किया है उन लोगों को ऊपर कारवाई करें, पेंशन प्रकरण संबल कार्डई केवाईसी के बारे में भी विस्तर जानकारी ली गई। वायुदूत वृक्षारोपण की जानकारी भी आयुक्त द्वारा ली गई निगम के सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि अपने.अपने मोबाइल पर वायुदूत एप्स डाउनलोड कर प्लांटेशन के फोटो अपलोड करना अनिवार्य है।

नशे से दूरी है जरूरी अभियान | **नशे से दूरी है जरूरी जनजागृति अभियान दिनांक 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 ..**

नशा प्रवृत्ति शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती है बल्कि अपराधों को भी बढ़ावा देती

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश कैलाश मकवाना व्दारा नारकोटिक्स शाखा के माध्यम से पूरे प्रदेश में प्रारंभ किये जा रहे नशामुक्ति जनजागृति अभियान नशे से दूरी है जरूरी में पुलिस महानिरीक्षक अनुराग के निर्देशन में जिला बुरहानपुर में अभियान की विस्तारपूर्वक जानकारी देने हेतु पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार व्दारा पुलिस कन्ट्रोल रूम बुरहानपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।

पुलिस अधीक्षक व्दारा बताया गया कि पुलिस मुख्यालय व्दारा नशामुक्ति जनजागृति अभियान नशे से दूरी है जरूरी दिनांक 15/07/2025 से 30/07/2025 तक चलाने हेतु निर्देशित किया गया है। मध्यप्रदेश में नशीले पदार्थो के बढते उपयोग ने समाज के लिए एक गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है जिससे युवा पीढी का भविष्य खतरे में पड़ रहा है। यह प्रवृत्ति न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती है बल्की अपराधों को भी बढावा देती है। इस समस्या से निपटने और समाज में नशीले पदार्थों की मांग को कम करने के लिये एक व्यापक प्रदेशव्यापी जन जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता को महसूस करते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य समाज के लिये हर वर्ग को ड्रग्स के गंभीर दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करना है। उक्त अभियान को शासन के अन्य विभागो, ग्राम एवं नगर सुरक्षा समितियों,गैर सरकारी संगठनों, अन्य संस्थाओं और मिडिया का सहयोग लिया जायेगा। नशा न केवल व्यक्ति बल्कि पूरे समाज के विकास में बाधक हैए जिसे रोकने के लिये सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे।

पुलिस प्रशासन जनसहयोग से इस सामाजिक बुराई के विरूद्ध दृढ़ संकल्पित है। पुलिस अधीक्षक व्दारा अभियान के दौरान दिनांक 15 जुलाई से 30 जुलाई तक पुलिस मुख्यालय व्दारा तैयार की गई कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार पूरे जिले में नुक्कड़ नाटक, व्याख्यान,रैली, सार्वजनिक स्थानों पर बैनर, पोस्टर, पंपलेट वितरण के माध्यम से प्रचार प्रसार, मोटिवेशनल टॉक, वीडियो क्लिप्स,शॉर्ट फिल्म्स, नशे के विरुद्ध सार्वजनिक स्थानों पर मानव श्रृंखला निर्मित कर,प्रिंट और डिजिटल मीडिया के माध्यम से प्रचार, वीडियो स्क्रीनिंग,नगर निगम के सफाई वाहनों के माध्यम से संदेश प्रसारण, चित्रकला, निबंध, पेंटिंग, स्लोगन,रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता एवं शपथ दिलाये जाने के कार्यक्रम किये जाने की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक व्दारा इस अभियान के तहत जनसामान्य को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरोंए वेब पोर्टल प्रचार, ई.शपथ के भी संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार पाटीदार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश,महिला सुरक्षा शाखा उप पुलिस अधीक्षक प्रीतमसिंह ठाकुर, रक्षित निरीक्षक सुनील कुमार दीक्षित एवं निरीक्षक विक्रम चौहान उपस्थित रहे।

थाना गणपतिनाका व्दारा बुरहानपुर के सेंट टेरेसा स्कूल में नशा के प्रति जन.जागरूकता संबंधी व्याख्यान का कार्यक्रम करके छात्रों को हेल्प लाईन नम्बरों की जानकारी दी गईए पैम्पलेट वितरण किया गया एवं नशा मुक्ति संबंधी शपथ दिलाई गई।

थाना शाहपुर व्दारा सांदीपनी स्कूल, सीएम राईज स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता संबंधी व्याख्यान कार्यक्रम रखा गयाए पैम्पलेट वितरण किया गया एवं हेल्पलाईन नम्बरों की जानकारी दी गई। सभी छात्रों को नशा मुक्ति संबंधी शपथ दिलाई गई तथा स्कूल के छात्रों के साथ स्कूल प्रांगण से अभियान से संबंधित पोस्टरो व बैनरों सहित अस्पताल रोड़ए शिवाजी मार्गए बस स्टेंड होते हुए जागरूकता रैली निकाली गई।

थाना निम्बोला व्दारा शासकीय विद्यालय निम्बोला के छात्रों के समक्ष जागरूकता संबंधी व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गयाए पैम्पलेट वितरण किया गया एवं छात्रों को शपथ दिलाई गई। शासकीय विद्यालय के छात्रों के साथ पोस्टर.बैनर को लेकर निम्बोला में जागरूकता रैली निकाली गई।